भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 11.07.2024

## आरेडिका में "एक पेड़ माँ के नाम" पहल के तहत वृहद वृक्षारोपण

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 11.07.2024 को माननीय प्रधानमंत्री के अभिनव पहल " एक पेड़ माँ के नाम" के तहत महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने पीपल वृक्ष लगाकर इस अभियान की शुरुआत की।

महाप्रबंधक महोदय ने अपने सम्बोधन में कहा कि बढते हुए ग्लोबल वार्मिंग और कार्वन असन्तुलन को कम करने एवं वातावरण को स्वच्छ बनाने के लिए वृक्षारोपण करना आज हम सब की सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी है । माननीय प्रधानमंत्री की अभिनव पहल " एक पेड़ माँ के नाम" को जन भागीदारी से जोड़ने के लिए सभी यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर सभी रेल कर्मी को अपने आवासों में पेड़ लगाने के लिए अभिप्रेरित किया। उन्होने बताया कि जनभागीदारी के सहयोग से लगाए गए पेड़ों के विकास की अधिक संभावना होती है।

प्रधान मुख्य इंजीनीयर श्री एसपी यादव, ने बताया कि आज आकाशिया ,पीपल जामुन, अर्जुन, करेंज आदि के 3000 पौधों का ईको कम जोगर्स पार्क में रोपण किया गया। जल संरक्षण अभियान के तहत ईको कम जोगर्स पार्क के तालाबों को एक दूसरे से लिंक किया गया है जिससे जलाधिक्य की स्थिति में जल को बहने से बचाकर भूमि के जलस्तर को बढाने में सहायक होगा।

इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ संजय कुमार कटियार, पीसीएमई विवेक खरे, पीसीएमएम राजीव खण्डेलवाल, पीसीईई हरीश चन्द, पीसीएमओ आभा जैन, पीसीपीओ रूपेश श्रीवास्तव,, पीसीएससी रमेश चन्द्र सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी ने वृक्षारोपण में सहभागिता की।

11.7.2024

(आर.एन.तिवारी )
मुख्य जन संपर्क अधिकारी